# व्यवसायिक भवनों के बेसमेंट पार्किंग की जगह व्यवसायिक उपयोग

## एक प्रतिष्ठान का बेसमेंट ननि ने किया सीज, रसूखदारों के व्यवसायिक भवन में नहीं पहुंचती टीम

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 दिसम्बर, शहर में बहुमंजिला व्यवसायिक भवन लगातार बन रहे है जहा स्वीकृत मानचित्र के विरूद्ध निर्माण चल रहा है. वही मानचित्र पास कराने के दौरान बेसमेंट पार्किंग दिखाई जाती है. लेकिन असल में बेसमेंट के जगह दुकान और गोदाम का उपयोग किया जाता है. एक साल बाद फिर से नगर निगम प्रशासन की नींद टूटी है और मंगलवार को जांच की कार्यवाही शुरू की गई.**




वार्ड क्रमांक 10 में बेसमेंट में अवैध संचालन पाए जाने पर सीज कर दिया गया. कई जगह बेसमेंट में पार्किंग पाई गई. कई ऐसे भवन है जहा बेसमेंट को बंद कर दिया गया है. वहा पर ही नही चलता बेसमेंट है कि नही है और कई ऐसे बेसमेंट बने है जिसमें कार आदि वाहन प्रवेश नही कर सकते है केवल दिखावे के लिये बेसमेंट पार्किंग बनाई गई है. नगर निगम द्वारा जोन क्रमांक-03 की टीम ने क्षेत्र में स्थित विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के बेसमेंट का निरीक्षण किया. इस दौरान वार्ड क्रमांक-10, निराला नगर गेट के सामने स्थित लैंडमार्क टीवीएस प्रतिष्ठान में बेसमेंट में अवैध संचालन पाए जाने पर कार्रवाई करते हुए बेसमेंट को सीज किया गया. इसके अतिरिक्त 360 क्रॉस फिट एवं हैवेल्स प्रतिष्ठानों के बेसमेंट बंद पाए गए, जिन्हें निर्देशित किया गया कि बेसमेंट का उपयोग केवल पार्किंग प्रयोजन हेतु ही किया जाए.

जांच के दौरान 5 से 6 प्रतिष्ठानों में बेसमेंट का उपयोग विधिवत पार्किंग के रूप में पाया गया. कई लोगो को चेतावनी भी दी गई. कार्रवाई के दौरान कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह, सहायक यंत्री अम्बरीष सिंह, सहायक राजस्व अधिकारी रावेंद्र सिंह, अतिक्रमण सहायक ज्ञानेंद्र द्विवेदी एवं अतिक्रमण दस्ता मौजूद रहा. इसी प्रकार जोन क्र. 02 कालेज रोड में 5-6 व्यावसायिक प्रतिष्ठान के बेसमेंट पर्किंग का परीक्षण किया गया, इस दौरान अंतिम चेतावनी देते हुए कहा गया कि व्यावसायिक संचालन, भंडारण अथवा अन्य उपयोग नियम विरुद्ध करते पाये जाने पर सीज की कार्रवाई की जावेगी.

### बेसमेंट में व्यवसायिक संचालन नियम विरूद्ध

शहर के अंदर अधिकांश बेसमेंट पार्किंग में व्यवसायिक संचालन, भंडारण आदि किया जा रहा है जो कि नियम विरूद्ध है. पूर्व में अभियान चलाकर दो दर्जन से अधिक संचालको को नगर निगम द्वारा नोटिस दी गई थी लेकिन उसके बाद कोई कार्यवाही नही की गई. शहर के अंदर ऐसे कई भवन है जहा बेसमेंट पार्किंग में दुकान या गोदाम का संचालन हो रहा है. पहले दिन केवल हवा हवाई कार्यवाही की गई. रसूखदार लोगो के व्यवसायिक भवन में टीम नही पहुंची. जिनके द्वारा बेसमेंट का उपयोग अन्य कार्यो के लिये किया जा रहा है.



# विश्वविद्यालय का 13 वां दीक्षांत समारोह आज, दिये जाएगे पदक

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 दिसम्बर, अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय में बुधवार को 13 वां दीक्षांत समारोह मनाया जायेगा. समारोह के मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता महामंडलेश्वर अखिलेश्वर दास होंगे.**

उक्त जानकारी पत्रकारवार्ता में कुलगुरू डा. राजेन्द्र कुड़रिया ने देते हुए बताया कि अध्यक्षता प्रदेश के राज्यपाल व विश्वविद्यालय कुलाधिपति मंगूभाई छगनभाई पटेल करेंगे. विशिष्ट अतिथि के रूप में चित्रकूट विवि के कुलगुरु, सांसद जर्नादन मिश्रा रहेंगे. समारोह के लिए विश्वविद्यालय द्वारा गत 14 दिसम्बर से निरंतर अभ्यास सत्र का आयोजन कराया जा रहा है. ताकि समारोह में सम्मलित होने वाले छात्रों को अतिथियों के सामने उपस्थित होकर उपाधि प्राप्त करने का सलीका बताया जा सके. उन्होंने बताया कि इस समारोह में वर्ष 2024-25 के 53 उत्कृष्ट छात्रों को स्वर्ण पदक दिए जायेंगे. जिसमें 27 को कुलगुरु स्वर्ण पदक व 26 को स्वर्ण पदक दिए जाएंगे. 6 पदक दानदाताओं के नाम से छात्रों को दिए जाएंगे. 53 पीएचडी उपाधिधारक को उपाधियां दी जाएंगी.

समारोह में छात्र परम्परागत पोशाक पहनकर उपाधि प्राप्त करेंगे. इसके लिए विश्वविद्यालय ने छात्र-छात्राओं के ड्रेसकोड निर्धारित कर दिए हैं. उन्होंने बताया कि दो लोगो को मानद उपाधि दी जाएगी जिसमें लेफ्टि.कर्नल धीरेन्द्र सिंह कुशवाह डी.लिट प्रबंध संकाय में व डॉ.वायके मिश्रा डीएससी जीवन संकाय में मानद उपाधि दी जाएगी. वार्ता के दौरान कुलसचिव डॉ सुरेंद्र ड्क्षसह परिहार ने राज्यपाल के तय कार्यक्रम के अनुसार सभी आगुंतकों से समारोह में सम्मलित होने की अपील की है. इस दौरान वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. एनपी पाठक, डॉ.दिनेश कुशवाह, डॉ.लक्ष्मीकांत चंदेला मौजूद रहे.

## संक्षिप्त

### 80 साल के पेंशनरों का होगा सम्मान

**रीवा,** प्रोग्रेसिव पेंशनर एसोसियेशन के तत्वाधान में 17 दिसम्बर को पेंशनर दिवस के अवसर पर जिले के 52 पेंशनरों को 80 साल पूरे होने पर माननीय आयुक्त रीवा संभाग बी.एस. जामोद द्वारा साल, श्रीफल देकर सम्मानित किया जायेगा. वीरेन्द्र कुमार तिवारी उप प्रान्ताध्यक्ष एवं जिला शाखा रीवा के अध्यक्ष ने बताया है कि सन् 2007 से यह कार्यक्रम प्रति वर्ष मनाया जाता है, और यह अनवरत चालू रहेगा. प्रति वर्ष पेंशनरों की संख्या बढ़ती जायेगी. पेंशनर दिवस के अवसर पर शहडोल, सतना, सीधी, सिंगरौली, मऊगंज के एसोसियेशन के पदाधिकारियों ने इस बैठक में उपस्थित होने की अपनी सहमति प्रदान की है. रीवा जिले के संगठन के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने अपने पूर्व सहकर्मी की आओ भगत करने के लिए निष्ठा के साथ खड़े हैं.

### सम्मान समारोह 21 को

**रीवा,** वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई रीवा द्वारा वैश्य महासम्मेलन के आजीवन सदस्यों का सम्मेलन, मेधावी छात्रों एव विशिष्टजनों के सम्मान समारोह कार्यक्रम का आयोजन 21 दिसम्बर को स्थानीय वृन्दावन गार्डन रीवा में प्रात: 11.00 बजे से सांयकाल 5.00 बजे तक आयोजित किया है. उक्त आशय की जानकारी वैश्य महासम्मेलन द्वारा देते आगे बताया गया है कि इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12 वीं की परीक्षा में 95 प्रतिशत अंकप्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों, 85 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके समाज के वरिष्ठ व्यक्तियों तथा जिले में निवासरत वैश्य घटक दलों के अध्यक्षों का सम्मान किया जावेगा.



### जगजीवन तिवारी के माता का निधन

**रीवा,** भाजपा के वरिष्ठ नेता जगजीवन तिवारी की माता श्रीमती सुखवंती देवी का सोमवार के दिन दु:खद निधन हो गया. वह 105 वर्ष की थी, अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़कर गई है. निधन पर जगजीवन तिवारी बेहद दुखी है और उन्होने कहा कि माँ ने सदैव पूरे परिवार को सजो कर रखा. संकट और संघर्ष के हर दौर में मजबूती के साथ खड़ी रही. माँ का जाना सबसे बड़ी क्षति है, जिसकी भरपाई कभी नही हो सकती. निधन पर डॉ रामकृष्ण शर्मा शिवराम त्रिपाठी प्रमोद उरमालिया बबलू नगर परिषद उपाध्यक्ष कपूर चंद सोनी पार्षद 9 सुशील गुप्ता पार्षद 10 अरविंद मिश्रा पार्षद 4 बबलू मोहम्मद साहिल ददन गुप्ता राम निधि वर्मा मेवा लाल गुप्ता छत्रपाल तिवारी विमलेश गुप्ता राम नारायण उर्फ लालू काका भूपेंद्र मिश्रा राम स्वयंवर गुप्ता विष्णु कुशवाहा आदि लोगो ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की.

### जिला पोषण समिति की बैठक आज

**मऊगंज,** कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पोषण समिति की बैठक कलेक्ट्रेट के सभागार में 17 दिसंबर को दोपहर 12 बजे से आयोजित की गयी है. संबंधितों को उपस्थिति के निर्देश दिये गये हैं.

### जिला कौशल समिति की बैठक आज

**मऊगंज,** कलेक्टर संजय कुमार जैन की अध्यक्षता में नवगठित जिला कौशल समिति की प्रथम बैठक 17 दिसंबर को दोपहर 12.30 बजे से कलेक्ट्रेट के सभागार में आहूत की गयी है. कलेक्टर ने संबंधित को बैठक में उपस्थिति के निर्देश दिये हैं.

### रिटायर्ड शिक्षक रामलखन का निधन



**रीवा,** वर्षो तक जिले के कई विद्यालयों में बच्चों को शिक्षित कर रिटायर हुए रामलखन मिश्रा का लंबी बीमारी के बीच निधन हो गया. श्री मिश्रा लगभग 83 वर्ष के थे तथा पिछले तीन साल से किडनी बीमारी से जूझ रहे थे. पहरखा मऊगंज के मूल निवासी श्री मिश्रा वर्तमान समय पर अनंतपुर स्थित जनता कॉलेज के पीछे अपने पुत्र बालमुकुंद मिश्रा पत्रकार के साथ निवास कर रहे थे. बताया गया है कि शिक्षक श्री मिश्रा की किडनी में समस्या थी नवंबर माह से वे ज्यादा बीमार चल रहे थे उन्होंने रविवार की सुबह 83 वर्ष की उम्र में अंतिम सांस ली उनका अंतिम संस्कार ग्रह ग्राम पहरखा मऊगंज में परिजनों के बीच कर दिया गया. उनके दुखद निधन पर पत्रकार जगत ने शोक व्यक्त किया है.

### स्थानीय निर्वाचन के लिये प्रेक्षक नियुक्त

**रीवा,** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा रीवा जिले में संपन्न होने वाले उप निर्वाचन वर्ष 2025 (उत्तरार्द्ध) स्थानीय निर्वाचन के संचालन के लिये कृष्ण मोहन गौतम सेवानिवृत्त (मा.प्र.से.) को प्रेक्षक नियुक्त किया है.

# याचिकाकर्ता ने समिति के लोगों पर धमकाने का लगाया आरोप

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 दिसम्बर, मध्य प्रदेश किसान सभा जिला समिति के अध्यक्ष एवं मार्क्सवादी कम्युनिष्ट पार्टी के वरिष्ठ नेता कांति कुमार दुबे ने प्रभारी समिति प्रबंधक सहित कई लोगो पर धमकी देने का आरोप लगाया है.**

शिकायत पत्र आईजी सहित पुलिस अधीक्षक को देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई है. शिकायतकर्ता जो कि याचिकाकर्ता भी है कांति कुमार दुबे ने शिकायत पत्र में बताया कि उनके द्वारा सहकारी समिति मर्यादित रिमारी एवं हर प्रसाद सिंह विपणन सहकारी समिति जवा को खरीदी केन्द्र बनाए जाने पर उच्च न्यायालय जबलपुर में याचिका दायर की थी. जिस पर न्यायालय द्वारा आगामी सुनवाई तक खरीदी कार्य एवं केन्द्र संचालन पर रोक लगाई गई. परिणाम स्वरूप नाराज रिमारी के प्रभारी समिति प्रबंधक उदय भान सिंह अन्य लोगो द्वारा धमकाया जा रहा है और याचिका वापस लेने का दबाव एवं भय बनाया जा रहा है. याचिकाकर्ता कांति कुमार दुबे ने बताया कि विरोधियों द्वारा एक तरह का दबाव बनाया जा रहा है, धमकी दी जा रही है ताकि मैं अपनी याचिका वापस ले लूं. धमकी देने वाले व्यक्तियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने और सुरक्षा प्रदान करने की गुहार लगाई है. साथ ही खरीदी पर रोक लगाने के लिये भी रीवा कमिश्नर से मांग की है.



# नगर निगम आयुक्त ने जोन कार्यालय के रेनोवेश कार्य का किया लोकार्पण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 दिसम्बर, नगर निगम रीवा क्षेत्रांतर्गत जोन कार्यालय क्रमांक-04 के रेनोवेशन कार्य का लोकार्पण निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे एवं वार्ड पार्षद श्रीमती अर्चना अमृतलाल मिश्रा, एमआईसी सदस्य मनीष नामदेव की उपस्थिति में फीता काटकर किया गया.**

कार्यक्रम के दौरान कार्यालय परिसर में पौधारोपण भी किया गया. जोन कार्यालय का रेनोवेशन कार्य लगभग रूपये 12 लाख की लागत से पूर्ण कराया गया है. इस अवसर पर निगम आयुक्त डॉ. सौरभ सोनवणे ने कहा कि पूर्व में जोन कार्यालय की स्थिति खराब होने के कारण कर्मचारियों को कार्य करने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था, साथ ही आमजन को भी अपने कार्यों के लिए मुख्य नगर निगम कार्यालय जाना पड़ता था.

अब कार्यालय के रेनोवेशन से कार्य वातावरण बेहतर होगा तथा आमजन के कार्य जोन स्तर पर ही संपादित किए जा सकेंगे. निगम आयुक्त ने वार्ड पार्षदों के निरंतर सहयोग पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्होंने जनहित के साथ-साथ कर्मचारी हित को ध्यान में रखते हुए यह कार्य संपन्न कराया गया है जो सराहनीय है. इस अवसर पर जनप्रतिनिधि सहफूज खान, अमृतलाल एवं निगम के कार्यपालन यंत्री सिद्धार्थ सिंह मौजूद रहे.

# छात्रावास पहुंची कलेक्टर ने छात्राओं से किया संवाद

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 दिसम्बर, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने शासकीय उत्कृष्ट अनुसूचित जाति सीनियर कन्या छात्रावास रायपुर कर्चुलियान का निरीक्षण किया.**

इस दौरान उन्होने छात्राओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन किया. उन्होंने छात्रावास में निवासरत छात्राओं से व्यवस्थाओं एवं मीनू के अनुसार दिये जाने वाले भोजन एवं नाश्ता के संबंध में जानकारी ली. कलेक्टर ने छात्रावास में बनाये गये भोजन की गुणवत्ता परखी तथा स्टोर में रखी सामग्री का निरीक्षण किया. उन्होंने अधीक्षिका को निर्देशित किया कि सभी व्यवस्थाये दुरूस्त रखें तथा इसे आदर्श छात्रावास बनायें. कलेक्टर ने छात्रावास की बालिकाओं अंचल सरस्वती साकेत तथा साक्षी चौधरी से संवाद कर पढ़ाई व अन्य दैनिक गतिविधियों के संबंध में जानकारी ली. छात्राओं ने बताया कि हम पढ़कर डॉक्टर, वकील तथा पुलिस विभाग में नौकरी करना चाहती हैं. कलेक्टर ने कहा कि खूब मन लगाकर पढ़ों. छात्रावास ऐसी जगह होती है जहाँ अन्य छात्राओं के साथ रहकर ग्रुप डिसकसन भी किया जा सकता है तथा एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा रखकर पढ़ाई भी खूब की जा सकती है. उन्होंने छात्राओं के भविष्य के लिये शुभकामना दी. इस दौरान एसडीएम संजय जैन, प्रभारी जिला संयोजक रूचि तिवारी उपस्थित रहे.

### जोनल आफिस चिरहुला में आज लगेगा स्वास्थ्य शिविर

**रीवा, 16 दिसम्बर,** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में 20 दिसम्बर तक नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाए जा रहे हैं. जोनल आफिस चिरहुला में 17 दिसम्बर को नि:शुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर लगाया जाएगा. शिविर में चिकित्सकों के दल तथा तकनीशियन तैनात रहेंगे. कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी तथा नोडल अधिकारी को शिविर में उपचार की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं.

# औचक निरीक्षण करने पहुंची कलेक्टर, बोरियों में नहीं मिला टैग

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 दिसम्बर, कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सगरा समिति द्वारा संचालित धान खरीदी केन्द्र कस्तूरी ट्रेड एवं चन्द्र प्रभा वेयर हाउस पहड़िया का निरीक्षण किया.**



उन्होंने खरीदी केन्द्र में की गई व्यवस्थाओं तथा खरीदी जा रही धान की क्वालिटी तथा तुलाई के संबंध में जानकारी ली. कलेक्टर ने किसानों से संवाद करते हुए खरीदी केन्द्र में व्यवस्थाओं तथा खरीदी में लगने वाले समय के विषय में पूंछताछ की. सही तौल करें तथा एक सप्ताह में किसानों के भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करायें. कलेक्टर ने वेयर हाउस में खरीदी उपरांत रखी गई धान की अवलोकन किया तथा टैग न लगे होने पर नाराजगी व्यक्त की. उन्होंने निर्देश दिये कि तुलाई के बाद बोरों की सिलाई कर तत्काल टैग लगाया जाना सुनिश्चित करें. कलेक्टर ने खरीदी प्रभारी, समिति प्रबंधक व वेयर हाउस सर्वेयर को टैग न लगे होने पर नोटिस जारी करने के निर्देश दिये. किसान द्वारा गिरदावरी में फसल न प्रदर्शित करने की पटवारी की शिकायत पर एसडीएम को जांच कर पटवारी अर्चना पटेल के विरूद्ध कार्यवाही के निर्देश दिये.

# कमिश्नर ने पटवारी और तहसीलदार पर कार्यवाही के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 दिसम्बर, रीवा संभाग के कमिश्नर बीएस जामोद ने संभाग के सभी जिलों में समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में शामिल आवेदन पत्रों के निराकरण की समीक्षा की. संभाग के विभिन्न जिलों में 14 आवेदन पत्र इस माह की समाधान ऑनलाइन की समीक्षा में शामिल हैं.**




कमिश्नर ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान ऑनलाइन के एजेण्डा बिन्दुओं में लंबित आवेदनों पर तत्परता से कार्यवाही करें. प्रकरण में अंतिम कार्यवाही होने से पहले उसे फोर्स क्लोज न करें. आमजनता को शासन की योजनाओं का तत्परता से लाभ दें, जिससे उसे योजना का लाभ पाने के लिए भटकने और सीएम हेल्पलाइन में शिकायत करने की आवश्यकता न रहे. सीधी जिले में गाज गिरने से भैंस की मौत के राहत प्रकरण के संबंध में कमिश्नर ने कहा कि प्रकरण को मंजूर करने में एक वर्ष की देरी की गई. पटवारी ने प्रकरण के संबंध में सही रिपोर्ट नहीं दी तथा तहसीलदार ने कम राशि का भुगतान किया. कलेक्टर आवेदक को पूरी राशि का भुगतान कराएं. संबंधित पटवारी को निलंबित करें तथा तहसीलदार बहरी को कारण बताओ नोटिस दें. सुनवाई के दौरान 10 आवेदन पत्रों का निराकरण किया गया. सुनवाई के दौरान संयुक्त आयुक्त मौजूद रहे.

# दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का दूसरा चरण आज से होगा शुरू

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 दिसम्बर, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के मुख्य आधार पशुपालकों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान, तकनीकी जागरूकता, और उनकी आय दोगुनी करने के उद्देश्य से पशुपालन एवं डेयरी विभाग लगातार नवाचार कर रहा है.**

विभाग द्वारा प्रदेश भर में दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान संचालित किया जा रहा है. इस महत्वपूर्ण अभियान का प्राथमिक लक्ष्य दुग्ध उत्पादन में गुणात्मक सुधार लाना है. इसके लिए विभाग के कर्मचारी पशुपालकों से गृह भेंट कर उन्हें तीन मुख्य स्तंभों नस्ल सुधार, पशु पोषण एवं पशु स्वास्थ्य पर व्यापक रूप से जागरूक करेंगे. अभियान के सफल क्रियान्वयन के लिए जिले में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है. इस संबंध में संयुक्त संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डीएस बघेल ने बताया कि यह अभियान तीन चरणों में संचालित किया जाना है. अभियान का प्रथम चरण 2 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक पूरा किया गया था.

# संभागीय आईटीआई में रोजगार मेला आज

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 दिसम्बर, युवा संगम कार्यक्रम के तहत संभागीय आईटीआई रीवा में 17 दिसंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा.**

रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे. कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने रोजगार मेला के आयोजन के लिये विभिन्न अधिकारियों को दायित्व सौंपे हैं. रोजगार मेले में 38 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग है.

# अवैध वसूली के खिलाफ ट्रक ऐसोसिएशन का सांकेतिक प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 16 दिसम्बर, रीवा में आज मीईनिंग मिनरल्स ट्रक एसोसिएशन के द्वारा अवैध वसूली को बंद करने और ट्रांसपोर्ट परमिट की मांग को लेकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया गया.**

गिट्टी एवं रेत के वाहनो से अवैध वसूली की जाती है जिसको लेकर अब ट्रक संचालक एकत्र हुए है और विरोध में उतरे है. एसोसिएसन के अध्यक्ष ने बताया गया है कि टीपी के अभाव में गिट्टी परिवहन के दौरान मोटर मालिकों को राजस्व विभाग, पुलिस एवं अन्य संबंधित विभागों द्वारा बीच रास्ते में रोका जाता है, जिससे उन्हें अनावश्यक परेशानियों का सामना करना पड़ता है. उन्होंने कहा कि कई बार इस स्थिति में मोटर मालिकों से पैसों की मांग भी की जाती है, जिससे वे मानसिक एवं आर्थिक रूप से प्रभावित होते हैं. बताया गया कि जिन मोटर मालिकों के पास केवल एक ही वाहन है, उनके लिए यह समस्या और भी गंभीर हो जाती है. कई मामलों में ऐसी स्थिति बन जाती है कि वाहन मालिकों के पास गाड़ी के आवश्यक खर्च, जैसे टायर बदलवाने तक के लिए पैसे नहीं बचता. उन्होंने यह भी कहा कि जिस प्रकार बालू परिवहन के लिए टीपी कटवाने के बाद ही परिवहन किया जाता है, उसी प्रकार गिट्टी परिवहन से पूर्व भी टीपी होना आवश्यक है. इससे मोटर मालिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होगी और परिवहन व्यवस्था सुचारु रूप से संचालित हो सकेगी.